**भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान, बंगलूरू में "स्पाइसेस इण्डिया सिग्नेचर स्टॉल और मसाला प्रसंस्करण मशीनों का म्यूसियम" की स्थापना केलिए आमंत्रित निविदा सूचना**

स्पाइसेस बोर्ड भारत, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान, बंगलूरू, कर्नाटक के परिसर में "स्पाइसेस इण्डिया सिग्नेचर स्टॉल और मसाला प्रसंस्करण मशीनों का म्यूज़ियम" की रूपरेखा की प्रस्तुति, स्थापना और रखरखाव केलिए निविदाएं आमंत्रित करता है।

'स्पाइसेस इण्डिया' के विभिन्न मसालों व उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए दर्शकों को जानकारी देना, शिक्षित कराना और मनोरंजन कराना, सिग्नेचर स्टॉल की संकल्पना है। म्यूज़ियम, मसालों व मसाला उत्पादों के उन्नयन केलिए एक मंच के रुप में काम आते हुए विभिन्न मसालों के प्रसंस्करण का प्रदर्शन करेगा और मसालों के उत्पादन और प्रसंस्करण के विविध पहलुओं का संक्षिप्त विवरण देगा।

Secratary, Spices Board, Kochi के नाम पर लिए गए 25,000/- रुपए (केवल पचीस हज़ार रुपए) के डिमांड ड्राफ़्ट की बयाना राशि सहित मुहरबंद निविदाएं 17 जनवरी 2018 को शाम 3.00 के पहले निम्नलिखित पते पर प्राप्त हो जानी चाहिए।

**सहायक निदेशक (प्रचार)**
**स्पाइसेस बोर्ड**
**सुगन्ध भवन**
**एन एच बाई पास, पालारिवट्टम**
**कोच्ची – 682025, केरल**

**पात्रता मापदंड**

1. बोलीदाता को, निविदा में सूचित इंटीरियर डिजाइन लेआउट में स्थापित करने और निर्दिष्ट का विवरण तैयार करने में पर्याप्त ज्ञान, अनुभव, संदर्भ सामग्री और कुशलता होनी चाहिए। बोलीदाता को, मेकानिकल, इलेक्ट्रिकल, प्लंबिंग, एच वी ए सी, सुरक्षा आदि के काम में निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित क्षमता भी होनी चाहिए।
2. बोलीदाता निर्धारित क्षेत्र में उपलब्ध जगह के मौजूदा विस्तार तथा डिज़ाइनरों द्वारा बताइ गई अपेक्षाओं के अनुरूप कलात्मक और आकर्षक ढंग से कार्य करेगा ।
3. बोलीदाता को, यह सुनिश्चित करने हेतु एक समर्पित टीम होनी चाहिए कि उपर्युक्त (1) में बताए अनुसार कार्यों को निष्पादित करने केलिए अपने पास श्रम शक्ति है।
4. बोलीदाता को, उपर्युक्त (1) में बताए अनुसार कार्यों को निष्पादित करने में कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए।
5. बोलीदाता को पिछले तीन वर्षों केलिए कम से कम औसतन एक करोड रुपए का वार्षिक टर्न ओवर होना चाहिए।

**काम की गुंजाइश**

लेआउट में सिग्नेचर स्टॉल केलिए परिकल्पित परियोजना स्थान सूचित किया गया है। स्पाइसेस बोर्ड तथा 'लाइफ़ इंस्पाइर्ड' (रूपरेखा सलाहकार) के द्वारा पूर्ण निगरानी और नियंत्रण के अधीन, प्रदान की जानेवाली सेवाओं की गुंजाइशों को अनुबंधों में शामिल किया गया है।

यह नोट किया जाए कि ई एम डी की प्राप्ति के बाद ही तकनीकी चित्रों का विवरण शेयर किया जएगा।

**भुगतान के निबंधन**

स्पाइसेस बोर्ड कार्य आदेश ज़ारी करते समय अनुमोदित परियोजना लागत का 30 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करेगा। कार्य पूरा हो जाने के बाद 40 प्रतिशत की दूसरी किस्त और 20 प्रतिशत, स्पाइसेस बोर्ड तथा 'लाइफ़ इंस्पाइर्ड' (रूपरेखा सलाहकार) की पूर्ण संतुष्टि के अनुसार प्रवर्तन में लाने पर तथा बाकी 10 प्रतिशत का भुगतान एक वर्ष की दोष दायित्व अवधि के बाद दिया जएगा।

**परियोजना की समयसीमा**

| महीने | जनवरी 2017 | फ़रवरी 2018 | मार्च 2018 |
|---|---|---|---|
| कार्य आदेश | * | | |
| सिविल | * | | |
| एम ई पी | * | * | |
| बढईगिरी व बढईखाना | | * | |
| इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक जुडनार | | | * |
| जांच | | | * |
| प्रवर्तन में लाना | | | * |

**बोलीदाताओं केलिए सामान्य अनुदेश व विशेष शर्तें**

**I. मोहरबंद निविदाएँ दो लिफाफों में निम्नलिखित के साथ प्रस्तुत की जाएंगी :**

**पार्ट - I - निविदा के निबंधनों व शर्तों की स्वीकृति में, अनुबंध क व ख के अनुसार संलग्न विवरण देनेवाली तकनीकी बोली ।**

**तकनीकी बोली के साथ "Secretary, Spices Board, Kochi" के नाम पर किसी भी बैंक से डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से 25,000/- रुपए (केवल पचीस हज़ार रुपए)की बयाना राशि (ईएमडी) एक**

**मुहरबंद लिफ़ाफ़े में संलग्न की जानी चाहिए। यदि आवेदक विस्तृत तकनीकी चित्र प्राप्त करना चाहते हैं, ई एम डी को एक आवरण पत्र के साथ पहले भेज सकते हैं।**

**पार्ट – II – अनुबंध ग के अनुसार वित्तीय बोली**

**लिफ़ाफ़ा अच्छी तरह मोहरबंद और ऊपर निम्नानुसार साफ लिखा हुआ होना चाहिए :**

"भाग–1 तकनीकी बोली–"स्पाइसेस बोर्ड केलिए सिग्नेचर स्टॉल और मसाला प्रसंस्करण मशीनों का म्यूज़ियम की स्थापना हेतु निविदा" तथा "भाग–2 वित्तीय बोली–"स्पाइसेस बोर्ड केलिए सिग्नेचर स्टॉल और मसाला प्रसंस्करण मशीनों का म्यूज़ियम की स्थापना हेतु निविदा"

**निविदाएं, लिफ़ाफ़े से संबन्धित विवरण सहित सहायक निदेशक (प्रचार), स्पाइसेस बोर्ड, पालारिवट्टम, कोच्ची, केरल के पते पर 17 जनवरी 2018 को शाम 3.00 बजे से पहले प्राप्त हो जानी चाहिए।**

1. दो अलग–अलग लिफ़ाफ़ों में प्रस्तुत नहीं की गई निविदाएँ सरसरी तौर पर निरस्त की जाएंगी।
2. **17 जनवरी 2018 को शाम 3.00** के बाद, जो भी हो, किसी भी हालत में कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी ।
3. (अ) भाग –I: तकनीकी बोली **18 जनवरी 2018 को सुबह 11.30** बजे खोली जाएगी।

   (आ) बोलीदाताओं से अवधारणा, प्रयुक्त प्रौद्योगिकी और प्रस्तावित साज–सज्जा के सामान के बारे में अधिकतम 15 मिनट की अवधि की एक दृश्य–श्रव्य प्रस्तुति (पावर पाइंट या कोई उपयुक्त प्रारूप) करना अपेक्षित है ।

   (इ) बोलीदाता जो तकनीकी बोली व प्रस्तुतीकरण में कम से कम 80% अंक प्राप्त करते हैं, की वित्तीय बोलीयों को ही खोला जाएगा।
4. भाग–II: तकनीकी रूप से योग्यता प्राप्त बोलीदाताओं की वित्तीय बोली उसी दिन या बाद में खोली जाएगी, जिसके बारे में बोलीदातओं को अलग से सूचित किया जाएगा ।
5. स्पाइसेस बोर्ड द्वारा चयनित समिति द्वारा तकनीकी बोली का मूल्यांकन किया जाएगा।
6. बोलीदाता को संलग्नक के रूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत कर तकनीकी बोली में किए गए सभी दावों को सिद्ध करना होगा:

   **(क) पिछले तीन वर्षों, जैसेकि वित्तीय वर्ष 2016–17, 2015–16 व 2014–15, की वार्षिक प्रतिवेदन/लेखापरीक्षित तुलन–पत्र तथा आयकर विवरण की प्रति**

   **(ख) समान तथा संबन्धित कार्य निष्पादित करने में अनुभव [ग्राहक(कों) के नाम, परियोजना का स्वभाव तथा वर्षों की संख्या सहित]का विवरण**

(ग) पी ए एन, टी ए एन, एस टी नं. व सेवा कर नं., जी एस टी / वी ए टी नं. (जो भी लागू हो)

(घ) प्रबन्धन दल, संगठन का ढांचा, कर्मचारियों की संख्या

(ङ) ली गई परियोजनाओं के फ़ोटो/वीडियो

7. वित्तीय बोली के खोलने की तारीख से 45 दिनों की स्वीकृत अवधि केलिए निविदा वैध रहेगी और इस अवधि के दौरान बोलीदाता निविदा को न ही रद्द कर सकता है और न ही वापस ले सकता है, इस पर चूक होने पर प्रस्तुत की गई ई एम डी ज़ब्त की जाएगी ।

8. (क) निविदा प्रस्तुत करनेवाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा, कि वह/वे पात्रता मापदंड, काम की गुंजाइश, निविदा की सामन्य निबन्धन, सामान्य विनिर्देशन और विशेष निबन्धन आदि, जैसेकि रखे गए हैं, से पूरी तरह परिचित है/हैं इसके प्रमाण स्वरूप, निविदा दस्तावेज़ के प्रत्येक पन्ने पर हस्ताक्षर किया जाना चाहिए। बिना हस्ताक्षर किए किसी ऐसे कागज़ातों के साथ प्रस्तुत निविदा का तिरस्कार किया जाएगा।

   (ख) फ़र्म की ओर से प्रस्तुत की जानेवाली निविदा पर, प्रस्तावित ठेके में प्रवेश करने हेतु, फ़र्म की तरफ़ से उसकेलिए प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया जाना ज़रूरी है । अन्यथा, स्पाइसेस बोर्ड द्वारा निविदा का निराकरण किया जाएगा।

9. स्पाइसेस बोर्ड, बिना कोई कारण बताए, किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार रखता है। स्पाइसेस बोर्ड को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने मात्र से कोई आवेदक किसी प्रकार के लाभ/अधिकार/वरीयता का हकदार नहीं बनता। किसी भी प्रकार का अनुयाचन निषिद्ध है और यह अयोग्य ठहराने का कारण बनेगा ।

10. बोलीदाता, इस कार्य के परिणामस्वरूप या इस सिलसिले में, अपने पास आए हुए काम से या स्पाइसेस बोर्ड के कारबार के किसी भी पहलू से सम्बन्धित सभी सूचना को गुप्त रखेगा।

11. सफ़ल बोलीदाता द्वारा जमा की गई बयाना राशि कम से कम तीन वर्ष या ए एम सी के पूरा होने, जो भी बाद में हो, की अवधि केलिए एक सुरक्षा जमा के रूप में स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अपने पास रखी जाएगी ।

**II**. बोलीदाता को इन बातों का पूरी तरह ध्यान रखना होगा:

1. सफ़ल कमीशनिंग के बाद सभी स्थापनाओं का एकमात्र स्वामी स्पाइसेस बोर्ड रहेगा और कमीशनिंग के बाद ठेकेदार या उनके किसी प्रतिनिधि को कार्य के ऊपर कोई दावा नहीं रहेगा।
2. निर्माण केलिए ठेकेदार द्वारा नियुक्त कामगारों के विषय में किसी भी नुकसान/दावा केलिए और ए एम सी केलिए भी ठेकेदार स्पाइसेस बोर्ड को हरज़ाना देगा।

3. कामगारों के विषय में कर्मचारी भविष्य निधि अंशदान जैसे वैधानिक भुगतान/प्रेषण का पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार पर होगा।
4. यदि बोलीदाता को सामान्य निबंधनों के किसी भी हिस्से के अर्थ, या विशेष निबंधनों या कार्य के आकार या गुंजाइश या विनिर्देशों और चित्रों या निविदा से संबंधित किसी भी अन्य मामले के बारे में कोई संदेह हो, उसके बारे में ब्यौरा तैयार करें और उन्हें स्पाइसेस बोर्ड को लिखित रूप में प्रस्तुत करें ताकि अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पहले ही इस तरह के संदेह का प्राधिकृत रूप से ही स्पष्टीकरण किया जा सके। एक बार निविदा प्रस्तुत की जाय, तो ऐसे पूर्व–स्पष्टीकरण के बिना, मामले का निर्णय निविदा निबंधनों के अनुसार किया जाएगा।
5. बोलीदाता, व्यक्तिगत रूप से स्पाइसेस बोर्ड के मुख्यालय में किसी कार्य–दिवस पर कार्यसमय के दौरान जाकर अपनी अपेक्षाओं के बारे में जान सकता है। किसी स्पष्टीकरण के मामले में, किसी कार्य दिवस पर कार्यसमय के दौरान निम्नलिखित पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं:

   **सहायक निदेशक (प्रचार)**
   **स्पाइसेस बोर्ड**
   **सुगन्ध भवन**
   **एन एच बाई पास, पालारिवट्टम**
   **कोच्ची – 682025, केरल**
   **टेली.नं.: 0484–2333610 एक्स्टेंशन 259**
   **इ–मेइल : prathyush.tp@nic.in**

मैं/हम एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूं/करते/करती हैं कि मैं/हम ने बोलीदाताओं की सहायता केलिए दिए उपर्युक्त अनुदेशों को पढा और समझा है।

**अनुबंध क**

| क्रम सं. | विनिर्देशन | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | स्थापना वर्ष | |
| 3 | संस्थापन का स्थान | |
| 4 | पंजीकृत कार्यालय का पता | |
| 5 | केरल में कार्यालय का पता, यदि है तो | |
| 6 | शाखाओं/सहयोगी कार्यालयों का विवरण: | |
| 7 | कंपनी का प्रोफ़ाइल: (उपलब्ध सुविधाओं का विवरण) | |
| 8 | बोलीदाता का कानूनी स्थिति (मालिक/साझेदारी/प्राइवेट लिमिटेड/पब्लिक लि.) | |
| 9 | जी एस टी रजिस्ट्रीकरण (प्रति संलग्न करें): | |
| 10 | पैन नं.(प्रति संलग्न करें): | |
| 11 | एजेंसी के सी ई ओ/प्रमुख का संपर्क विवरण: (नाम, पता, फ़ोन, इ-मेइल, मोबाइल) | |
| 12 | कार्य अनुभव (सरकार/मंत्रालय/पीएसयू ग्राहक और अन्य लोगों के साथ किए काम का विवरण प्रदान करें) | |
| 13 | कारोबार: (समर्थन दस्तावेज और विधिवत् सही रूप से भरे गए अनुलग्नक भी संलग्न करें ) | |

**हस्ताक्षर व नाम(मुहर सहित)**

**अनुबंध ख**

## आवेदक की वित्तीय स्थिति

पिछले प्रत्येक वित्तीय वर्ष केलिए भरें जो शासपत्रित या सार्वजनिक लेखा या वाणिज्य मंडल द्वारा प्रमाणित हो

1. पिछले तीन वर्षों के दौरान कारोबार

| राशि | 2014–15 | 2015–16 | 2016–17 |
|---|---|---|---|
| | | | |

**(आवेदक का हस्ताक्षर)**